नकली चाय और शैंपू के साथ दो गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम, कौशाम्बी Newswrap

Wed, 09 Mar 2022 11:20 PM

कोखराज पुलिस ने बुधवार को हरियाणा से आई विशेष टीम के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किए गए हैं। कॉपी राइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

कोखराज इंस्पेक्टर गणेश प्रसाद ने बुधवार को हरियाणा के गुरुग्राम से आए सुरेश कौशिक रिजनल चेक आईपी व राजीव कुमार सीनियर इंवेस्टिगेशन चेक आईपी के साथ मिलकर मूरतगंज बाजार में छापामारी की। छापामारी में अभिषेक चतुर्वेदी पुत्र दिलीप चतुर्वेदी निवासी शिवकहा थाना गुरबक्शगंज जनपद रायबरेली और मो. आसिफ अंसारी पुत्र हबीब अहमद निवासी भिस्ती टोला, मूसा शाह बाबा का मजार थाना रेल बाजार जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि आरोपितों के पास से नामी कंपनियों के नाम से बने नकली 10650 पैकेट चाय, 11400 पैकेट डिटर्जेंट पाउडर, 12128 पैकेट शैंपू, डिटर्जेंट पाउडर के 1195 रैपर और मसाले के रैपर भी बरामद किए गए हैं। सभी डुप्लीकेट सामान हैं। एफआईआर के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।